# कार्यालय :- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची

वन भवन, डोरण्डा, राँची

E-mail :- addlpccfdevelopment@gmail.com, Phone & Fax No. 0651-2481813


झारखण्ड सरकार

**पत्रांक : 01/यो0ब0–61/2015 (खण्ड–क)– 974 दिनांक : 01.09.2015**

प्रेषक,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास
झारखण्ड, राँची ।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी,
झारखण्ड, राँची

**विषय :–** वित्तीय वर्ष 2015–16 में कार्यान्वित की जाने वाली "लघु वन पदार्थ का उन्नयन" योजना (अन्य व्यय) के अंतर्गत 54.50 मैट्रिक टन सीसल रेशा का उत्पादन हेतु राशि का ऑन लाईन उप आवंटन (Online Sub Allotment)।

**प्रसंग:–** विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 4/यो0बजट–54/2015– 29/स्वी0 व0प0 दिनांक 17.08.2015 एवं विभागीय आवंटन आदेश संख्या 04/यो0बजट–54/2015– 57/आ0 व0प0 दिनांक 24.08.2015

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में बजट मुख्य शीर्ष–2406–वानिकी तथा वन्य प्राणी, उप मुख्य शीर्ष– 01 वानिकी, लघु शीर्ष– 102 समाज तथा फार्म वानिकी, उप शीर्ष– 09 लघु वन पदार्थ का उन्नयन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 में उपबंध के अंतर्गत स्वीकृत राशि, स्वीकृत्यादेश के साथ कार्य विवरणी संलग्न करते हुए कुल **रू0 37.200 लाख (सैंतीस लाख बीस हजार रूपये) मात्र** का उप आवंटन निम्नलिखित इकाईयों में किया जाता है :–

| **प्राथमिक इकाई** | **(राशि लाख में)** | |
|---|---|---|
| मजदूरी | 33.500 | (तैंतीस लाख पचास हजार रूपये) |
| आपूर्ति एवं सामग्री | 3.700 | (तीन लाख सत्तर हजार रूपये) |
| **कुल :–** | **37.200** | **(सैंतीस लाख बीस हजार रूपये)** |

2. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी **परिशिष्ट–1** पर वर्णित वन संरक्षक होंगे जो अपने समुख अंकित कार्यों की राशि से अपने कार्यालय के कार्यो के लिए उत्तरदायी होंगे एवं विभाग को ससमय भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे। ऑन–लाईन उप आवंटन की प्रति **परिशिष्ट–2** पर द्रष्टव्य है।

3. इस योजना के नियंत्री पदाधिकारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास होंगे नियंत्री पदाधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से प्रत्येक माह वन एवं पर्यावरण विभाग को अवगत कराया जायेगा। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा योजना का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के नियंत्रक

पदाधिकारियों एवं संबंधित अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण/ मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान द्वारा योजना के कार्यान्वयन का सतत् अनुश्रवण सुनिश्चित किया जायेगा।

**4.** इस योजना का कोड संख्या– पी0 19P240601102090103 एवं पी0 19P240601102090323, है, जो कोषागार से राशि निकासी के लिए प्रस्तुत विपत्रों एवं व्यय प्रतिवेदन में अनिवार्य रूप से अंकित किया जाएगा।

**5.** स्वीकृत राशि की निकासी वित्त विभागीय पत्रांक 2561 दिनांक 17.04.1998 एवं समय–समय पर निर्गत परिपत्रों के आलोक में की जाएगी।

**6.** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा राशि की निकासी संबंधित जिलों में अवस्थित कोषागार/उप कोषागार से की जायेगी तथा कोषागार संहिता के नियम सं0–300 एवं सभी वित्तीय नियमों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जायेगा।

**7.** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी परिस्थिति में आवंटित राशि से अधिक की निकासी एवं व्यय नहीं किया जायेगा तथा वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य निर्धारित अधिसीमा से कम नहीं हो।

**8.** नियंत्री तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की यह जिम्मेवारी रहेगी, अगर वे देखें कि यदि कोई ऐसी योजना का कार्य के विरुद्ध राशि का व्यय किया जा रहा है, जिसे दूसरे स्रोत से राशि मिल रही है या मिलने जा रही है, तो इसकी निकासी रोककर इसके निराकरण हेतु सूचना संबंधित पदाधिकारी या विभाग को तुरंत देंगे।

**9.** योजना के कार्यान्वयन से पूर्व इसके प्राक्कलन पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी एवं इसकी एक प्रति अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास कार्यालय को समर्पित की जायेगी।

**10.** मजदूरी का भुगतान श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित दर के अनुरूप किया जायेगा। मजदूरी मद में स्वीकृत राशि का व्यय योजना के परिमाणकों के अंतर्गत एवं निर्धारित मजदूरी दर के अनुरूप वास्तविक व्यय तक सीमित रखना सुनिश्चित किया जायेगा।

**11.** योजनाओं में सामग्री का क्रय वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा–निर्देश एवं वित्तीय नियमों तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के संकल्प संख्या–940 दिनांक 16.03.1992 द्वारा क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक/ मुख्य वन संरक्षक की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति की अनुशंसाओं के अनुसार की जाएगी।

**12.** इस योजनांतर्गत वानिकी कार्यों का सम्पादन विभागीय अधिसूचना संख्या 2371 दिनांक 05.05.2015 में निरूपित प्रावधानों के तहत सक्षम प्राधिकार से अनुमोदित दर पर किया जायेगा तथा योजनान्तर्गत किये जाने वाले ऐसे कार्य जिनकी दर विभागीय अधिसूचना सं0–2371 दिनांक 05.05.2015 में निरूपित प्रावधानों के कार्यक्षेत्र से बाहर है, की दर का निर्धारण योजना के नियंत्री पदाधिकारी द्वारा वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप किया जायेगा।

**13.** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा Account Code Vol (III) की धारा 288 के अनुसार अपने कार्यालय का मासिक लेखा आगामी माह की 5वीं तारीख तक महालेखाकार कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा तथा लेखा का त्रैमासिक Reconciliation ससमय निश्चित रुप से कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

14. स्वीकृत राशि का भुगतान वित्त विभागीय पत्रांक 3542 दिनांक 19.12.2013 में निरूपित प्रावधानों के अनुरूप किया जायेगा।

**अनुलग्नक :– यथोक्त ।**

विश्वासभाजन,

ह0 / –

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची

ज्ञापांक– **01 / यो0ब0–61 / 2015 (खण्ड–क)–974** दिनांक– **01.09.2015**

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची / मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनुलग्नक :– यथोक्त ।**

ह0 / –
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची

ज्ञापांक– **01 / यो0ब0–61 / 2015 (खण्ड–क)–974** दिनांक– **01.09.2015**

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक सहित कोषागार पदाधिकारी, डोरण्डा, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

**अनुलग्नक :– यथोक्त ।**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची

ज्ञापांक– **01 / यो0ब0–61 / 2015 (खण्ड–क)–974** दिनांक– **01.09.2015**

प्रतिलिपि :– इनविस सेन्टर, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/9/2015

**अनुलग्नक :– यथोक्त ।**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची

## वित्तीय वर्ष 2015–16 में कार्यान्वित की जानेवाली ''लघु वन पदार्थों का उन्नयन'' योजना के अन्तर्गत 54.50 मैट्रिक टन सीसल रेशा का उत्पादन का आवंटित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य (मजदूरी दर 187.43 रू0 प्रति मानव दिवस)

*(रू० लाख में)*

| क्र० सं० | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | भौतिक लक्ष्य | मजदूरी | आपूर्ति एवं सामग्री | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi |
| 1 | वन संरक्षक एवं राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, झारखण्ड, राँची | 54.50 मैट्रिक टन सीसल रेशा का उत्पादन | 33.500 | 3.700 | 37.200 |
| | योग :– | | **33.500** | **3.700** | **37.200** |

11/9/2015

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची

# आवंटन आदेश

## झारखंड सरकार

चालू वितीय वर्ष 2015-16 में व्यय हेतु निम्नांकित दर्शाए गए बजट शीर्ष के सामने अंकित राशि आवंटित की जाती है

।

पत्र संख्या - 01/YB-61/2015/974 दिनांक - 01-Sep

| क्रमांक | विपत्र कोड | एक्सेस नं0 | निकासी एवं व्ययन पदा. | आवंटित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | P 19 240601102090103<br>2406 . वानिकी तथा वन्य जीवन<br>01 . वानिकी<br>102 . समाज तथा फार्म वानिकी<br>09 . लघु वन पदार्थों का उन्नयन<br>01 . वेतन एवं भो<br>03 . मजदूरी | 58634 | DRNFWL032<br>BIMAL KISHORE PRASAD<br>CF & STATE SILVICULTURIST JHA. | 3,350,000.00<br>रुपये तैतीस लाख पचास हजार |
| 2 | P 19 240601102090323<br>2406 . वानिकी तथा वन्य जीवन<br>01 . वानिकी<br>102 . समाज तथा फार्म वानिकी<br>09 . लघु वन पदार्थों का उन्नयन<br>03 . प्रशासनिक व्यय<br>23 . आपूर्ति एवं सामग्री | 58633 | DRNFWL032<br>BIMAL KISHORE PRASAD<br>CF & STATE SILVICULTURIST JHA. | 370,000.00<br>रुपये तीन लाख सत्तर हजार |

योग: 3,720,000.00

क्रमिक योग: रुपये सैतीस लाख बीस हजार

(SHRI.Y.K.SINGH CHAUHAN IFS)
ADDI.PCCF.DEV.JHARKHAND
RANCHI



Run Date: 1/9/2015